# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

Phone / Fax No–01372252149
Email- dfokedarnath@gmail.com

पत्रांकः– 808 / 12–1 गोपेश्वर, दिनांक 11-8- 2021

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
देहरादून।

द्वाराः– निदेशक / वन संरक्षक, नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व गोपेश्वर।

विषयः– जनपद चमोली में राज्ययोजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में देवल से धानई तक मोटर मार्ग निर्माण हेकतु 0.94 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यातर्वन।

सन्दर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून का पत्रांक 46/FP/UK/ROAD/38601/2019 दिनाक 24–07–2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत करना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण हेतु दिनांक 29–07–2021 को वृक्षों की संख्या को न्यून करने तथा वैकल्पिक संरेखण हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान वैकल्पिक संरेक्षण पर विचार किया गया वैकल्पिक संरेखण में भूस्खलन की संभावना एवं ग्रामीणों द्वारा आपत्ति की जा रही है। संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट की 03 प्रतियों में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः जनहित में प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण हेतु संस्तुति की जाती है।

संलग्नः– यथोपरि।

भवदीय,

(अमित कंवर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

ई–मेल/ऑनलाइन अपलोड


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, गौचर (चमोली)।

Phone/Fax No. :- 01363-240614 Email:-eepwdgauchar@gmail.com


पत्रांक– 1397/1सी0 वन दिनांक 30/07/2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
केदानाथ वन्यजीव प्रभाग
गोपेश्वर।

केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग
रजिस्ट्रेशन न0 841
फाइल नम्बर 12-1
प्राप्त दिनांक 04-8-21

**विषयः–** **जनपद चमोली में राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में देवल से धानई तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.940 है0 वन भूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।**

**सन्दर्भः–** **अपर प्रमुख वन सरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी देहरादून का पत्रांक सं0– 46/FP/UK/ROAD/3601/2019 दिनांक 01.7.2021, आपका पत्रांक सं0– 417/12–1 दिनांक 23.7.2021 एवं इस कार्यालय का पत्रांक सं0– 1338/1सी0 वन दिनांक 24.7.2021**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों के अनुपालन में अवगत कराना है कि जनपद चमोली में राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में देवल से धानई तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा मोटर मार्ग का पुनः संयुक्त निरीक्षण कर सुस्पष्ट आख्या 3 प्रतियों में प्रेषित करने के निर्देश प्राप्त हुये है। जिसके कम में दिनांक 29.7.2021 को प्रयोक्ता एजेन्सी, राजस्व विभाग एवं वन विभाग द्वारा मोटर मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

अतः महोदय को संयुक्त निरीक्षण आख्या की 3 मूल प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि उपरोक्त मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु स्वीकृति की संस्तुति करने की कृपा करें।

**संलग्न– संयुक्त निरीक्षण आख्या 3 मूल प्रतियों में।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

30/7/21

पत्रांक– /1सी0 वन तद्दिनांक

प्रतिलिपि, जिलाधिकारी चमोली को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
**संलग्न**– संयुक्त निरीक्षण आख्या की छायाप्रति।

प्रतिलिपि, अधीक्षण अभियन्ता 7वॉ वृत्त, लो0नि0वि0 गोपेश्वर को सूचनार्थ प्रेषित।
**संलग्न**– संयुक्त निरीक्षण आख्या की छायाप्रति।

प्रतिलिपि, उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग को उपरोक्त संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।
**संलग्न**– संयुक्त निरीक्षण आख्या की छायाप्रति।

प्रतिलिपि, सहायक अभियन्ता प्रथम निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 गौचर को उपरोक्त संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि, वन क्षेत्राधिकारी धनपुर रेंज गौचर को उपरोक्त संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

# संयुक्त निरीक्षण आख्या

सन्दर्भ - प्रभागीय वनाधिकारी, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर का पत्रांक- 417/12-1 दिनांकित 23-7-2021

आज दिनांक 29/07/2021 को नि०ख० लो०नि०वि० गौचर की तरफ से इं० अमित कुमार पटेल, सहायक अभियंता एवं इं० प्रतीक अग्रवाल, अपर सहायक अभियंता एवं वन विभाग की तरफ से श्री पंकज ध्यानी, वन क्षेत्राधिकारी छतपुर रेंज तथा राजस्व विभाग की तरफ से श्री हरीश चन्द्र पोखरियाल, राजस्व उप निरीक्षक - बैनोली " मा० मु०घो० सं०- 1471/2015 राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में देवल से धारई तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु" संयुक्त निरीक्षण हेतु उपस्थित हुए। संयुक्त निरीक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नवत् है -

(1) प्रस्तावित ग्राम गूगल मैप (Google Map) में पूर्व से ही निर्मित 'कर्णप्रयाग- नौटी- पैठाणी मोटर मार्ग' से जुड़ा हुआ है ऐसा प्रदर्शित होता है परन्तु कर्णप्रयाग - नौटी - पैठाणी मो० मार्ग का उद्देश्य मुख्यतः पैठाणी (जिला- पौड़ी) को जोड़ने का है जो कि किमी० 27 में आंशिक परिवार को सुविधा पहुँचाता है तथा ग्राम धारई जिसकी जनसंख्या लगभग 200 है मुख्यतः पूर्व मे निर्मित मोटर से काफी ऊँचाई पर स्थित है जिस कारण मोटर मार्ग के निर्माण की आवश्यकता है जिससे ग्रामीणों को मूल-भूत सुविधा का लाभ मिल सके।

(2) प्रस्तावित मोटर मार्ग वन पंचायत भूमि से होकर जा रही है न कि आरक्षित वन भूमि से। आरक्षित वन भूमि की दूरी सम्बन्धित मोटर मार्ग से लगभग 1.50 किमी० है।

(3) वृक्षों के पातन में न्यूनता लाने हेतु वैकल्पिक मार्ग का प्रयास किया गया परन्तु दूसरी ग्राम सभा द्वारा विवाद तथा मार्ग पर स्लाइडिंग जोन व ग्रामीणों के आपत्ति के कारण सम्भव नहीं हो सका। प्रस्ताव में चयनित संरेखण ही सर्वोत्तम है जिसमें सभी की सहमति भी है तथा तकनीकी दृष्टि से भी स्लाइडिंग जोन इत्यादि नहीं है।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत प्रस्ताव सं०- FP/UK/ROAD/38601/2019 के नवनिर्माण हेतु स्वीकृति की संस्तुति की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29/7/21 | 29/07/21 | 29/07/21 | 29/7/2021 |
| (इं० प्रतीक अग्रवाल) | (इं० अमित कुमार पटेल) | (श्री हरीश चन्द्र पोखरियाल) | (श्री पंकज ध्यानी) |
| अपर सहायक अभियंता | सहायक अभियंता | राजस्व उपनिरीक्षक | वन क्षेत्राधिकारी |